माय टीचर वेबपेज भर्ती मण्डल

माय टीचर वेबसाईट एण्ड ऐप प्रा.लि. सम्पर्क सूत्र: 9754065703

ईमेल : tomarsingh004@gmail.com

पत्र क्रमांक/ MAR2026 दिनांक/26.03.2026

//अधिसूचना//

विषय : वेबसाइट हेतु कंटेन्ट लेखन विशेषज्ञ की नियुक्ती के संबंध में।

यह सूचित किया जाता है कि हमारी आधिकारिक वेबसाइट के लिए गुणवत्तापूर्ण, तथ्यपरक एवं वैचारिक सामग्री तैयार करने हेतु योग्य एवं अनुभवी कंटेन्ट लेखन विशेषज्ञ (content writer) की आवश्यकता है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पद का नाम	आवेदन करने की तिथि	आवेदन करने की अंतिम तिथि
content writer कंटेन्ट लेखक	25/03/2026	03/04/2026
आयु सीमा	न्यूनतम आयु: 18 वर्ष, अधिकतम आयु: 20 वर्ष (नियमानुसार आरक्षित वर्गों को आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी।)	

योग्यता एवं आहर्ता :-

अभ्यर्थी को निम्नलिखित योग्यताओं को पूर्ण करना आवश्यक होगा:

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक उपाधि (Graduate Degree) अनिवार्य।
2. हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट लेखन कौशल, व्याकरणिक शुद्धता एवं अभिव्यक्ति की स्पष्टता।
3. कंप्यूटर अनुप्रयोगों का समुचित ज्ञान, जैसे—एमएस ऑफिस (Word, Excel, PowerPoint), इंटरनेट ब्राउज़िंग, टाइपिंग आदि।
4. समसामयिक घटनाओं, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषयों तथा वैचारिक एवं विश्लेषणात्मक लेखन की गहन समझ।

अनुभव संबंधी अर्हताएँ :-

वेबसाइट, ब्लॉग, समाचार पोर्टल अथवा अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए कंटेंट लेखन का न्यूनतम 1 से 2 वर्ष का अनुभव वांछनीय होगा।

सरकारी, शैक्षणिक, शोध या संस्थागत लेखन का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।

कार्य दायित्व एवं उत्तरदायित्व :-

चयनित अभ्यर्थी को निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करना होगाः

1. विभागीय वेबसाइट हेतु उच्च गुणवत्ता, तथ्यपरक, विश्लेषणात्मक एवं रचनात्मक सामग्री का सृजन एवं संपादन।
2. वेबसाइट की सामग्री को समय-समय पर अद्यतन (Update) करना एवं आवश्यकतानुसार संशोधित करना।
3. विभिन्न विषयों पर गहन शोध (Research) कर प्रमाणिक एवं विश्वसनीय लेख तैयार करना।
4. सामग्री की भाषा, शैली एवं प्रस्तुति को पाठकों के अनुकूल एवं प्रभावशाली बनाए रखना।
5. विभाग द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य संबंधित कार्यों का निष्पादन करना।

चयन प्रक्रिया :-

अभ्यर्थियों का चयन एक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी प्रक्रिया के अंतर्गत निम्नलिखित चरणों के आधार पर किया जाएगाः

1) लिखित परीक्षाः
सर्वप्रथम अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। इस परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों के विषय-ज्ञान, भाषा कौशल, तार्किक क्षमता एवं लेखन योग्यता का मूल्यांकन किया जाएगा।

2) कौशल परीक्षण (Skill Assessment):
लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षण के लिए आमंत्रित

किया जाएगा। इस चरण में अभ्यर्थियों की व्यावहारिक क्षमता, विशेष रूप से कंटेंट लेखन, भाषा की शुद्धता, रचनात्मकता एवं कंप्यूटर पर कार्य करने की दक्षता का परीक्षण किया जाएगा।

3) साक्षात्कार (Interview):

अंतिम चरण में चयनित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों के व्यक्तित्व, संप्रेषण कौशल, विषय की समझ, कार्य के प्रति दृष्टिकोण एवं उपयुक्तता का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा।

चयन प्रक्रिया में प्राप्त अंकों एवं प्रदर्शन के आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

आवेदन प्रक्रिया :-

इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपना विस्तृत बायोडाटा (Curriculum Vitae) तैयार करें, जिसमें उनकी शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव, कौशल एवं अन्य प्रासंगिक विवरण स्पष्ट रूप से उल्लिखित हों।

अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां (Self-attested copies) तथा अनुभव प्रमाणपत्र संलग्न करते हुए पूर्ण आवेदन पत्र निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

सभी अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका आवेदन पत्र दिनांक 03 अप्रैल 2026 तक नीचे दिए गए ईमेल पते पर समय से प्राप्त हो जाए। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ईमेल : tomarsingh004@gmail.com

संपर्क कार्यवाहक : श्री अमन शुक्ला (मुख्य संपादक, My Teacher)

कार्यालय : बरेह

महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पूर्णतः सही, स्पष्ट एवं आवश्यक दस्तावेजों सहित होना चाहिए। अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण अथवा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।
2. विभाग को यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह बिना किसी पूर्व सूचना या कारण बताए किसी भी आवेदन पत्र को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है, तथा इस संबंध में विभाग का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
3. चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति के पश्चात विभाग द्वारा निर्धारित सभी नियमों, शर्तों एवं आचार संहिता का पूर्णतः पालन करना अनिवार्य होगा।
4. अन्य किसी जानकारी हेतु, अपनी समस्या दिए गए ईमेल, संपर्क पतों पर भेज सकते है।

श्री अमन शुक्ला
कार्यवाहक एवं
मुख्य लेखन कार्य अभियंता
संपर्कः +91 8120150269

निर्देशक एवं अधिग्रहणकर्ता :
आर्यन सिंह तोमर
संपर्क : 9754065703